ग्रेटर नोएडा में बनेगा सबसे बड़ा हेलीपोर्ट

फैसला

नोएडा | वरिष्ठ संवाददाता

नोएडा सेक्टर-151ए में हेलीपोर्ट बनाने की परियोजना को शासन ने मंजूरी दे दी। एक सप्ताह के अंदर काम शुरू करने के लिए टेंडर जारी कर दिए जाएंगे। इसका निर्माण पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर किया जाएगा। काम शुरू होने पर एक साल में यह बनकर तैयार हो जाएगा। यहां एक साथ छह हेलीकॉप्टर खड़े हो सकेंगे।

एयर एंबुलेंस का भी प्रयोगः यहां हेलीकॉप्टर के मरम्मत की भी सुविधा होगी। जरूरत पड़ने पर एयर एंबुलेंस का भी प्रयोग कर सकेंगे। नोएडा प्राधिकरण के मुख्य महाप्रबंधक राजीव त्यागी ने बताया कि छह दिसंबर को अपर मुख्य सचिव (अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग) की अध्यक्षता में हुई थी जिसमें उत्तर प्रदेश शासन की पीपीपी बिड मूल्यांकन समिति ने हेलीपोर्ट परियोजना को मंजूरी दे दी थी।